बरेली, शुक्रवार
28 मार्च, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 16+4=20

दैनिक जागरण



# एसआरएमएस सीईटी में तीन दिवसीय हैकाथान शुरू

- प्रतियोगिता में भाग लेने सीईटी पहुंची चार राज्यों के 157 प्रतिभागियों की 43 टीम
- काशीपुर के युवा उद्यमी नीरज ने गोशाला और उत्पादों के स्टार्टअप पर दी जानकारी

जागरण संवाददाता, बरेली : श्रीराम मूर्ति स्मारक कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी (एसआरएमएस सीईटी) में तीन दिवसीय हैकाथान 3.0 का शुभारंभ गुरुवार को एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देव मूर्ति ने फीता काट कर किया। प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देने के बाद उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों को लगातार सीखने और अपडेट होने के अवसर मिलता है। उनकी और प्रतिभा में निखार आता है।

एसआरएमएस सीईटी के प्रिंसिपल, प्रेसिडेंट आइआइसी एवं हैकाथान 3.0 के इवेंट डायरेक्टर डा. प्रभाकर गुप्ता ने कहा कि कालेज के इंस्टीट्यूशनल इनोवेशन काउंसिल के सहयोग से टेक एज सेल द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में इस बार उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु और तेलंगाना राज्य के विभिन्न इंजीनियरिंग कालेजों के 157 प्रतिभागियों की 43 टीमें पहुंची हैं। इसमें मध्य प्रदेश और तमिलनाडु के 15-15 प्रतिभागी, तेलंगाना के छह प्रतिभागी और उत्तर प्रदेश के 35 प्रतिभागी शामिल हैं।



एसआरएमएस सीईटी में शुरू हुए हैकाथान 3.0 का शुभारंभ करने के बाद विभिन्न स्टाल की जानकारी लेते चेयरमैन देव मूर्ति • सौ. संस्थान

इन प्रतिभागियों ने अपने तकनीकी एवं समस्या-समाधान कौशल से प्रौद्योगिकी का उपयोग कर सुरक्षित दुनिया के लिए स्मार्ट सोल्यूशन थीम पर अपने प्रस्तावित समाधानों के लिए प्रोटोटाइप और माडल पर काम शुरू कर दिया है। तीन दिन गहनता से काम करने बाद सभी हैकाथान 3.0 के अंतिम दिन 29 मार्च को शिक्षाविदों और नवप्रवर्तकों सहित निर्णायकों के पैनल के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। इनमें से हैकाथान 3.0 के विजेता का चुनाव किया जाएगा, जिसे एक लाख रुपये तक का नकद पुरस्कार हासिल करने का मौका मिलेगा।

हैकाथान 3.0 के उद्घाटन सत्र से पहले काशीपुर में श्री बंसी गौधाम के संस्थापक व युवा उद्यमी नीरज चौधरी ने अपने स्टार्टअप के अनुभवों को साझा किया और प्रतिभागियों को इंटरप्रिन्योरशिप पर व्याख्यान दिया। इस अवसर पर ट्रस्ट एडवाइजर इंजीनियर सुभाष मेहरा, एसआरएमएस सीईटीआर के डीन डा. शैलेष सक्सेना, मेडिकल कालेज के प्रिंसिपल एयर मार्शल (सेवानिवृत्त) डा. एमएस बुटोला, एसआरएमएस सीईटी के वाइस प्रिंसिपल डा. शैलेंद्र देवा, डा. एलएस मौर्य, आर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डा. सत्य देव, इं. स्मिता दिनकर, इं. अश्विनी चौहान, इं. निपुन पांडेय आदि लोग मौजूद रहे।